दूरभाष न0 Tel. No.–26741252, 26741256, 26741270 फैक्स न0 Fax No.–26741300
केन्द्रीय विद्यालय संगठन KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
दिल्ली संभाग DELHI REGION
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर, नया महरौली मार्ग
JNU CAMPUS, NEW MEHRAULI ROAD
नई दिल्ली, NEW DELHI - 110067-01

फ.सं.190350/2020/KVS(DR)/(SK)Examination

दिनांक- 19.03.2020

प्राचार्या/प्राचार्य
समस्त केन्द्रीय विद्यालय
दिल्ली संभाग

अति महत्वपूर्ण

विषय: कक्षा–IX एवं XI की सत्रांत परीक्षा 2019-20 स्थगित होने एवं कक्षा–I से IX एवं XI के परीक्षाफल प्रकाशित करने के सन्दर्भ में

महोदया/महोदय,

उपर्युक्त विषय के अंतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि-

1. कोरोना वायरस के संक्रमण के मद्देनजर दिल्ली संभाग के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में दिनांक 19.03.2020 से 31.03.2020 तक दिल्ली संभाग के सभी केन्द्रीय विद्यालय छात्रों, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों, उप-प्राचार्यों एवं प्राचार्यों के लिए बन्द रहेगा।
2. दिल्ली संभाग के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा–IX एवं XI की सत्रांत परीक्षा 2019-20 अगले आदेश तक स्थगित की जाती है। अतएव, आपसे अनुरोध है कि कक्षा–IX एवं XI की सत्रांत परीक्षा 2019-20 स्थगित होने संबन्धित जानकारी अपने विद्यालय के सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को अविलम्ब अवगत कराए।
3. अब तक सम्पन्न विभिन्न विषयों के सत्रांत परीक्षा 2019-20 का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल संबन्धित कार्य शिक्षक द्वारा घर पर रहकर किया जाए।
4. परीक्षाफल प्रकाशित करने की तिथि के संबन्ध में सूचना के लिए अगले आदेश की प्रतीक्षा करें।
5. सभी प्राचार्य, उप-प्राचार्य, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी अपने फोन पर उपलब्ध रहेंगे एवं आपस में और छात्रों के साथ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जुड़े रहेंगे।
6. साथ ही ये सभी अपने घर पर ही रहेंगे और बिना अनुमति के स्टेशन नहीं छोड़ेंगे और आवश्यक होने पर किसी भी समय कार्यालयी सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे।

कृपया इस पत्र को अविलम्ब सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु छात्रों व अभिभावकों, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को प्रेषित करें।

भवदीय,

(नगेन्द्र गोयल)
उपायुक्त

19/3/2020

प्रतिलिपि :- निजि सचिव, आयुक्त, के.वि.सं(मु.), नई दिल्ली को सूचनार्थ।